**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1348**

**मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**औद्योगिक इकाइयों को बंद किया जाना**

**1348. श्री राकेश राठौर:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों का आकलन किया जा रहा है/किया गया है;

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश में बंद पड़ी ऐसी औद्योगिक इकाइयों और यूनिटों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले की औद्योगिक इकाइयों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार द्वारा ऐसी औद्योगिक इकाइयों को पुनः चालू करने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्री**
**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) :** उद्योग मुख्य रूप से राज्य सरकारों का विषय है। सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से संबंधित आंकड़े रखती है। 01 जुलाई 2020 से 15 नवंबर 2024 के बीच उद्यम के तहत बंद हुए एमएसएमई की राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र वार संख्या, जैसा कि एमएसएमई मंत्रालय द्वारा बताया गया है, **अनुबंध-क** में दी गई है।

**(ख) और (ग) :** 01 जुलाई 2020 से 15 नवंबर 2024 के बीच उद्यम के तहत उत्तर प्रदेश राज्य में बंद हुए एमएसएमई का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध-ख** में दिया गया है।

**(घ) :** सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए मेक इन इंडिया, उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम तथा राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर कार्यक्रम जैसी अनेक पहलें शुरू की हैं जिसके साथ-साथ ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) को प्रोत्साहित करने तथा अनुपालन बोझ को कम करने के लिए अन्य प्रयास भी जारी हैं। राज्य सरकार भी अपनी औद्योगिक नीतियों के जरिए औद्योगिक विकास को बढ़ावा देती हैं, जिसमें लघु और मध्यम उद्योगों को सहायता दिए जाने पर फोकस किया जाता है।

सरकार ने एमएसएमई को वित्त उपलब्ध कराने के लिए भी विभिन्न पहलें की हैं, जिसमें अन्य के साथ-साथ, निम्नलिखित शामिल हैं:

- सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी स्कीम के तहत सूक्ष्म और लघु उद्यम ऋण गारंटी निधि न्यास (सीजीटीएमएसई) के जरिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों को 500 लाख रुपए तक के बंधकरहित ऋण (दिनांक 01.04.2023 से), जिसमें विभिन्न श्रेणियों के ऋणों के लिए 85 प्रतिशत तक गारंटी कवरेज शामिल है।
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत, गैर-कृषि क्षेत्र में नए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के लिए ऋण संबद्ध सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है। विनिर्माण क्षेत्र में 50 लाख रुपए तक और सेवा क्षेत्र में 20 लाख रुपए तक की परियोजनाओं के लिए परियोजना

लागत का 15 प्रतिशत से 35 प्रतिशत तक मार्जिन मनी सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है। महिलाओं सहित विशेष श्रेणी के लाभार्थियों के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों में मार्जिन मनी 35 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत है।

- इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) को मई, 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के हिस्से के रूप में शुरू किया गया था ताकि पात्र एमएसएमई और व्यावसायिक उद्यमों को उनकी परिचालन देयताओं को पूरा करने और कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न बाधाओं के संदर्भ में अपने व्यवसायों को पुन: शुरू करने में सहायता मिल सके। यह स्कीम, दिनांक 31.03.2023 तक प्रचालनरत थी। यह स्कीम अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को कवर करती है। इसके अंतर्गत, सदस्य ऋणदाता संस्थाओं (एमएलआई) को पात्र ऋणप्राप्तकर्ताओं को दी गई ऋण सुविधा के संबंध में शत प्रतिशत गारंटी प्रदान की गई।

*****

**अनुबंध-क**

**दिनांक 03.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1348 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**दिनांक 01/07/2020 से 15/11/2024 के बीच उद्यम के तहत बंद हुए राज्य-वार कुल एमएसएमई**

| क्रम सं. | राज्य | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 79 | 1 | - | 80 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,012 | 13 | 1 | 1,026 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 3 | - | - | 3 |
| 4 | असम | 99 | 2 | 2 | 103 |
| 5 | बिहार | 2,772 | 2 | 1 | 2,775 |
| 6 | चंडीगढ़ | 58 | 1 | - | 59 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 747 | 4 | 1 | 752 |
| 8 | दिल्ली | 968 | 22 | 2 | 992 |
| 9 | गोवा | 139 | 2 | - | 141 |
| 10 | गुजरात | 5,876 | 89 | 7 | 5,972 |
| 11 | हरियाणा | 1,569 | 30 | - | 1,599 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 334 | 7 | - | 341 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 697 | 4 | - | 701 |
| 14 | झारखंड | 1,142 | 5 | - | 1,147 |
| 15 | कर्नाटक | 2,984 | 23 | 3 | 3,010 |
| 16 | केरल | 1,747 | 5 | 1 | 1,753 |
| 17 | लद्दाख | 17 | - | - | 17 |
| 18 | लक्षद्वीप | - | - | - | - |
| 19 | मध्य प्रदेश | 2,341 | 9 | 2 | 2,352 |
| 20 | महाराष्ट्र | 15,109 | 95 | 16 | 15,220 |
| 21 | मणिपुर | 215 | 2 | - | 217 |
| 22 | मेघालय | 3 | - | - | 3 |
| 23 | मिजोरम | 26 | - | - | 26 |
| 24 | नागालैंड | 25 | - | - | 25 |
| 25 | ओडिशा | 1,273 | 6 | - | 1,279 |
| 26 | पुदुच्चेरी | 170 | 2 | - | 172 |
| 27 | पंजाब | 427 | 8 | - | 435 |
| 28 | राजस्थान | 4,951 | 38 | 5 | 4,994 |
| 29 | सिक्किम | 2 | - | - | 2 |
| 30 | तमिलनाडु | 7,834 | 58 | 2 | 7,894 |
| 31 | तेलंगाना | 1,705 | 14 | 2 | 1,721 |
| 32 | दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव | 73 | 4 | - | 77 |
| 33 | त्रिपुरा | 46 | 2 | 1 | 49 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 3,738 | 27 | 4 | 3,769 |
| 35 | उत्तराखंड | 703 | 7 | 1 | 711 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 2,025 | 25 | 2 | 2,052 |
| | **कुल:-** | **60,909** | **507** | **53** | **61,469** |

****

**अनुबंध-ख**

**दिनांक 03.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1348 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| दिनांक 01/07/2020 से 15/11/2024 के बीच उद्यम के तहत उत्तर प्रदेश में बंद हुए कुल जिला-वार एमएसएमई | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **जिला** | **सूक्ष्म** | **लघु** | **मध्यम** | **कुल** |
| 1 | आगरा | 205 | 1 | - | 206 |
| 2 | अलीगढ़ | 71 | - | - | 71 |
| 3 | अंबेडकर नगर | 50 | - | - | 50 |
| 4 | अमेठी | 36 | 1 | - | 37 |
| 5 | अमरोहा | 22 | 2 | - | 24 |
| 6 | औरैया | 10 | - | - | 10 |
| 7 | अयोध्या | 20 | - | - | 20 |
| 8 | आजमगढ़ | 108 | - | - | 108 |
| 9 | बागपत | 32 | 2 | - | 34 |
| 10 | बहराइच | 37 | 1 | - | 38 |
| 11 | बलिया | 63 | - | - | 63 |
| 12 | बलरामपुर | 29 | - | - | 29 |
| 13 | बांदा | 21 | - | - | 21 |
| 14 | बाराबंकी | 12 | - | 1 | 13 |
| 15 | बरेली | 102 | 1 | - | 103 |
| 16 | बस्ती | 14 | - | - | 14 |
| 17 | भदोही | 54 | - | - | 54 |
| 18 | बिजनौर | 41 | 1 | - | 42 |
| 19 | बदायूं | 26 | - | - | 26 |
| 20 | बुलंदशहर | 49 | - | - | 49 |
| 21 | चंदौली | 29 | - | - | 29 |
| 22 | चित्रकूट | 14 | - | - | 14 |
| 23 | देवरिया | 16 | - | - | 16 |
| 24 | एटा | 18 | - | - | 18 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | इटावा | 13 | – | – | 13 |
| 26 | फरुखाबाद | 12 | – | – | 12 |
| 27 | फतेहपुर | 16 | – | – | 16 |
| 28 | फिरोजाबाद | 61 | – | – | 61 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 180 | 3 | 1 | 184 |
| 30 | गाजियाबाद | 239 | – | – | 239 |
| 31 | गाजीपुर | 76 | – | – | 76 |
| 32 | गौंडा | 41 | – | – | 41 |
| 33 | गोरखपुर | 46 | – | – | 46 |
| 34 | हमीरपुर | 3 | – | – | 3 |
| 35 | हापुड़ | 31 | – | – | 31 |
| 36 | हरदोई | 13 | – | – | 13 |
| 37 | हाथरस | 34 | 1 | – | 35 |
| 38 | जालौन | 9 | – | – | 9 |
| 39 | जौनपुर | 109 | – | – | 109 |
| 40 | झांसी | 38 | – | – | 38 |
| 41 | कन्नौज | 9 | – | – | 9 |
| 42 | कानपुर देहात | 14 | 1 | – | 15 |
| 43 | कानपुर नगर | 87 | – | – | 87 |
| 44 | कासगंज | 16 | – | – | 16 |
| 45 | कौशांबी | 21 | – | – | 21 |
| 46 | कुशीनगर | 20 | – | – | 20 |
| 47 | लखीमपुर खीरी | 11 | – | – | 11 |
| 48 | ललितपुर | 5 | – | – | 5 |
| 49 | लखनऊ | 148 | 2 | – | 150 |
| 50 | महराजगंज | 51 | – | – | 51 |
| 51 | महोबा | 12 | – | – | 12 |
| 52 | मैनपुरी | 20 | – | – | 20 |
| 53 | मथुरा | 100 | – | – | 100 |
| 54 | मऊ | 52 | 1 | – | 53 |
| 55 | मेरठ | 112 | – | – | 112 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 56 | मिर्जापुर | 45 | 1 | 1 | 47 |
| 57 | मुरादाबाद | 76 | – | – | 76 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 49 | – | – | 49 |
| 59 | पीलीभीत | 42 | – | – | 42 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 63 | 1 | – | 64 |
| 61 | प्रयागराज | 176 | – | – | 176 |
| 62 | रायबरेली | 13 | 1 | – | 14 |
| 63 | रामपुर | 28 | 2 | – | 30 |
| 64 | सहारनपुर | 92 | 4 | – | 96 |
| 65 | संभल | 17 | – | – | 17 |
| 66 | संत कबीर नगर | 43 | – | – | 43 |
| 67 | शाहजहांपुर | 15 | – | – | 15 |
| 68 | शामली | 14 | – | – | 14 |
| 69 | श्रावस्ती | 14 | – | – | 14 |
| 70 | सिद्धार्थनगर | 40 | – | – | 40 |
| **71** | **सीतापुर** | **23** | **–** | **–** | **23** |
| 72 | सोनभद्र | 27 | – | 1 | 28 |
| 73 | सुल्तानपुर | 41 | – | – | 41 |
| 74 | उन्नाव | 15 | – | – | 15 |
| 75 | वाराणसी | 227 | 1 | – | 228 |
| | **कुल:** | **3,738** | **27** | **4** | **3,769** |

****